Reg. No. :- JH-11-0004329

स्वामित्व : अपेम पेट्रोन टीम

# अपेम लाइव न्यूज

APEM LIVE NEWS सच का साथी

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

दैनिक डिजिटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 20-10-2021 | अंक 31

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



**न्यूज ब्रीफ**

## विधायक ने खारी को ट्रांसफार्मर कराया उपलब्ध

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

प्रखंड क्षेत्र के ग्राम खारी का ट्रांसफर्मर बिते कई महीनों से खराब चल रहा था। जिसकी सूचना स्थानीय समाजसेवी सीताराम पंडित, अशोक चौधरी, अशोक कुमार यादव, अरुण यादव ने सामूहिक रूप से बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को दूरभाष के माध्यम से दी। विधायक ने उक्त जन समस्या को संज्ञान में लेते हुवे अविलम्ब विभाग से संपर्क कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करने की मांग की। जिसे जनता को कुछ घंटे में ट्रांसफार्मर उपलब्ध हुआ। ट्रांसफार्मर मिलने से ग्रामीणों में काफी हर्ष है।



शुभ कार्य करने का जब भाव बने उसके शुभारंभ का वही श्रेष्ठ मुहूर्त है।

अज्ञात

## कैंसर को मात देकर बरही लौटी बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य बेबी केशरी, एक साल तक मुंबई में रही इलाजरत

## साए की तरह पत्नी सेवा में लगे रहे पति राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, इनके समर्पण की हो रही है चहुँओर चर्चा

## कैंसर से डरना नही है, लड़ना है : मेवालाल केशरी

**अपेम लाइव : बरही**
**उषा रानी**

सत्यवान एवं सत्यवती की कहानी आपने सुनी होगी। जिसमें पत्नी ने अपने पति की जिंदगी यमराज से वापस लेने में कामयाब हुई थी। आज भी उनकी पतिव्रता होने की उदाहरण दी जाती है। लेकिन आज हम एक समर्पित पति की कहानी बता रहे हैं। जिन्हा.ेने अपनी पत्नी की जिंदगी वापस लाने में कामयाब रहे। जी हां , हज़ारीबाग़ रोड बरही निवासी राजेश केशरी उर्फ मे. वालाल ने भी जिंदगी एवं मौत से जूझ रही अपनी पत्नी पंचायत समिति सदस्य बेबी केशरी को एक साल बाद मौत की मुंह से वापस लाने में कामयाब हुए। गौरतलब है कि बेबी केशरी को कैंसर हो गया था। उनकी स्थिति काफी गंभीर हो गई थी। लेकिन पति राजेश केशरी ने हार नही मानी और उन्हें पहले रिम्स रांची एवं उसके बाद टाटा मेमोरियल कैसर ह०स्पिटल मुंबई में भर्ती कराए। लगभग एक साल तक उनका वहां इलाज चला। इस दौरान पति समर्पित भाव से अपनी पत्नी बेबी केशरी की सेवा में लगे रहे। अपनी पत्नी को कभी कमी का एहसास नही होने दिए। जब भी पत्नी



अपनी पत्नी के साथ पुजा करते राजेश केशरी उर्फ मेवालाल

क्रिटिकल पोजीसन से गुजरती , उस समय पति राजेश केशरी उनका हौसला बनकर सामने रहती। पति के समर्पण के वजह से आज बेबी केशरी कैसर को मात देकर अपनी पति के साथ बरही लौट आई है। पति की समर्पण की बरही में काफी चर्चा है। सभी के मुख से बस एक ही आवाज आ रही है कि पति ने पत्नी को यमराज से छीन कर वापस जिंदगी ली है। इस सं. बंध में कैसर को मात देकर लौटी बेबी केशरी ने कहा कि मेरे पति ही मेरे लिए भगवान साबित हुए। उन्होंने लगातार एक साल तक मेरी तन मन एवं धन लगाकर सेवा की। मुझे जितनी उम्मीद नही थी, उतना सेवा समर्पित भाव से की। इन्ही के दिया हौसला एवं सेवा से मैं जिंदगी और मौत की जंग जीतकर वापस लौटी हूँ। लेकिन हमारे जिंदगी और मौत के बीच जो एक साल तक जंग चला उसका नायक मेरे पति ही रहे। राजेश केशरी ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि पिछले एक साल से उन्होंने अपना सारा काम धंधा छोड़कर अपनी पत्नी की इलाज के लिए मुंबई में रहा। लगभग 15 लाख रुपये खर्च हुए। 10 लाख रुपये मुझे कर्ज लेने पड़े। लेकिन इलाज में कभी कमी नही होने दिए। बरही के लोगों का आशीर्वाद सहानुभूति जरूर मिली। लेकिन आर्थिक सहयोग कुछ भी नही मिली। जो कुछ मिला भी वह कर्ज के रूप में। लेकिन अब मेरी पत्नी मौत के मुंह से बाहर आ चुकी है। इसके लिए मैं माता वैष्णव, बाबा भोले के प्रति आभार प्रकट करता हूँ। कहा कि अब हम दोनों की जिंदगी का एक ही लक्ष्य है। जनता जनार्दन की सेवा। बतौर पंचायत समिति सदस्य हमने अपने फण्ड का उपयोग शमशान घाट की सुंदरीकरण एवं रोड के लिए किया है। बरही उसने पर उन्होंने सीओ सह बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो को बुके देकर स्वागत की। मौके पर उपप्रमुख सिकंदर राणा, राजेश केसरी उर्फ मेवालाल समाजसेवी, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र गिरी, मुखिया छोटन ठाकुर, समाजसेवी देवानंद कुशवाहा, मनोज केसरी, धीरेंद्र कुमार, शशांक केसरी शिवम केसरी, जयंती देवी, मंजू देवी मालती देवी आदि लोग मौजूद रहे।

**पति पत्नी का साथ ही आपसी रिस्ते को मजबूत बनाता है।**

## उपायुक्त ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण, डीएस को लगाई फटकार

**अपेम लाइव : बरही**



अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करते डीसी

उपायुक्त आदित्य कुमार आनंद ने सिविल सर्जन डॉ सरयू प्रसाद के साथ बरही अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में चल रहे मरम्मतीकरण कार्य को देखकर नाराजगी जाहिर की तथा संवेदक को कड़ी फटकार भी लगाई। उन्होंने संवेदक को कई आवश्यक निर्देश देते हुए कहा जल्द से जल्द निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण पूरा किया जाए। उनके साथ उप विकास आयुक्त अभय कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ सरयू प्रसाद भी मौजूद थे। उपयुक्त ने ट्रू-नेट रूम, वैक्सिनेशन रूम, ओपीडी कक्ष का भी निरीक्षण किया। अस्पताल की लचर व्यवस्था को लेकर डीएस को फटकार लगाई। कहा कि व्यवस्था जल्द सुधार लाएं अन्यथा होगी कार्रवाई। मौके पर सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, डीएस डॉ एसएसपी सिंह, प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ भैरवशंकर अग्रवाल, डॉ मेराजुल इस्लाम, संवेदक रामचन्द्र यादव, सुजीत कुमार, लिपिक पंकज कुमार आजाद, विनय सिन्हा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, धनंजय कुमार | एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## डीसी ने किया बरकट्ठा प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण
### सामुदायिक अस्पताल की व्यवस्था दुरूस्त करने का दिया निर्देश

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**


प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण करते डीसी हजारीबाग

हजारीबाग उपायुक्त आदित्य कुमार आंनद ने बरकट्ठा प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत विभिन्न कार्यलयों का औचक निरीक्षण किया। प्रखंड कार्यालय निरीक्षण के दौरान पीएम आवास निर्माण व 15 वीं वित मद का जायजा लेते हुए राशि को अतिशीघ्र विकास कार्यो में उपयोग करने का निर्देश बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा को दिए । साथ ही कोनहरा खुर्द पंचायत और झुरझुरी पंचायत में धीमी विकास कार्य को लेकर फटकार लगाते हुए बीडीओ शीघ्र इस पर संज्ञान लेने की बात की दूसरी ओर सामुदायिक अस्पताल बरकट्ठा के विभिन्न विभागों शिशु वार्ड जांच घर स्टोर रूम समेत सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया व अस्पताल को बेहतर व्यवस्थित करने का आवश्यक दिशा निर्देश सिविल सर्जन सरयू प्रसाद सिंह को दिए उनके साथ डीडीसी अभय कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ. सरजू प्रसाद सिंह,बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा, सीओ श्रीकांत लाल मांझी यूनिसेफ कंसल्टेंट आफरीन डॉ रजनीकांत समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## धनवार के पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने अपने पुत्र की मनायी दूसरी पुण्यतिथि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



श्रद्धांजली सभा मे मौजुद लोग

धनवार के पूर्व मुखिया सह सामा. जिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने पुत्र दीपक कुमार की दूसरी पुण्यतिथि अपने आवास पर मनाया तथा शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण किया तथा उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान सभी उपस्थित लोग युवक को याद करते हुए भावुक हो गए। ज्ञात हो कि दीपक कुमार की मौत 20 अक्टूबर को दो वर्षो पूर्व नीलाम्बर पीताम्बर चौक उनकी संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गई थी। शोक सभा मे भा. जपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रमण्डल प्रभारी किशुन यादव, धनवार प्रधान नकुल प्रसाद, जयगोविंद प्रसाद, निजामुद्दीन, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, नरेश प्रसाद, अशोक यादव, दामोदर प्रसाद वर्मा, दिलीप केशरी, तिलक यादव, अजय प्रसाद कुशवाहा, तारकेश्वर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, महेंद्र रविदास, केशो यादव, दिनेश यादव, सुनील केशरी, प्रकाश प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, संतोष प्रजापति, कमलेश कुशवाहा, दीवाकर प्रसाद कुशवाहा, राजकुमार प्रसाद, राजेश कुशवाहा, राजन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सलदर अली, रामजी प्रसाद, संजय प्रसाद कुशवाहा, परमेश्वर प्रसाद, बिनोद प्रसाद, चिरंजीवी प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, मोहन प्रसाद, कमल प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, नरेश प्रसाद, अजित प्रसाद, जगदीश महतो, अमजद अंसारी, जागेश्वर साव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## जिला परिषद उम्मीदवार रेखा देवी के पति संजय यादव ने चलाया जनसंपर्क अभियान, सुनी लोगों की समस्याएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


जनसंपर्क करते संजय यादव

जिला परिषद भाग 2 मध्य के उम्मीदवार रेखा देवी पति संजय यादव ने खोड़ा आहार पंचायत ग्राम कदवा में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों की समस्याएँ सुनीं। इस दौरान ग्रामवासियों ने एक स्वर में भरोसा दिलाते हुए कहा कि आगामी जिला परिषद चुनाव में हम सब आपकी भरपूर मदद करेंगे और अपनी बहुमूल्य वोट देकर आपको विजयी बनाएंगे। लोगों ने कहा कि विकास कार्य के लिए हम सबको आप जैसे नेता की आवश्यकता है। इस मौके पर कार्यकर्त्ता आनंद भुइंया, उमेश भुइंया, गणेश मेहता, सुनील यादव, सुबोध यादव, दीपक यादव, पिंटू यादव, कुशलाल मेहता, तालेश्वर मेहता, मनोज मेहता, संटू मेहता, शंकर शर्मा, गुलेंद्र यादव, प्रदीप पा. सवान, पिंटू यादव, संजय यादव, सुधीर यादव, मोतीलाल यादव, रोहित गिरी, अनिरुद्ध पासवान, नितीश कुमार यादव, अनुज यादव, अनिल यादव, विकास यादव, महेश यादव व अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कोडरमा में भाकपा जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न
### जिप सदस्य महादेव राम ने कहा-हर क्षेत्र में मोदी विफल

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धीरज कुमार**


बैठक मे शामिल भाकपा कार्यकर्ता

भाकपा जिला कार्यकारिणी की बैठक कॉमरेड महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कोडरमा प्रखंड मुख्यालय स्थित आत्मा ऑफिस के समीप की गई। जिसमें सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट पेश किया। जो सबों ने पास किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि मोदी के शासनकाल में आजादी के बाद महंगाई सबसे चरम पर है। डीजल एवं पेट्रोल के दाम रु100 से अधिक हो गया है। 2014 में 55 रुपया प्रति लीटर डीजल एवं 60 रूपया प्रति लीटर पेट्रोल था। मोदी जी अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो-जो वादा किया था सारा वादा फेल हो गया। अच्छा दिन लाने का बात किया था लेकिन आजादी के बाद इतना बुरा दिन कभी नहीं आया था। जिनके पूर्वजों ने अंग्रेजों की दलाली की आज वह सत्ता पर काबिज है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में इस महंगाई का जवाब मिल जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि देश में हम दो हमारे दो कि सरकार चल रही है। आजादी के बाद सबसे बड़ा किसान आंदोलन जो विगत एक साल से लाखों किसान आंदोलित है। इसके बावजूद भी मोदी का अहंकार समाप्त नहीं हुआ है। यह अहंकार आने वाले चुनाव में भाजपा को मिल जाएगा। अभी तक 700 किसानों ने शहादत दे चुकी है। इन शहीद किसानों को स्वतंत्रता सेनानी के जैसा सलूक करने की आवश्यकता है। बैठक को महिला नेत्री सोनिया देवी ने कहा कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा ढोंग है। मोदी के शासन में महिलाएं सुरक्षित नहीं है एवं बेटियां अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतरती है तो उन्हें देशद्रोही कहा जाता है। रांची एस डीसी ह०ल में विस्थापन पर प्रस्तावित सेमिनार में कोडरमा से शिरकत करने का फैसला लिया गया एवं पार्टी को मजबूत बनाने के लिए ब्रांच स्तर का सम्मेलन करने का फैसला लिया गया। बैठक में उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, सिकंदर कुमार, सरिता रानी, रंजन रजक, बहादुर कुशवाहा, कयूम अंसारी, रामेश्वर चौधरी आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन सीपीआई नेता बहादुर कुशवाहा ने किया।

## जरहिया निवासी जागेश्वर रविदास के अंतिम यात्रा में शामिल हुए जिला परिषद प्रत्याशी के पति संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


अंतीम यात्रा मे शामील संजय यादव व अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के जरहिया गाँव निवासी अशोक रविदास के पिता जागेश्वर रविदास का निधन बीते मंगलवार की रात्रि हो गया। बुधवार को दिवंगत जागेश्वर रविदास की अंतिम यात्रा में भावी जिला परिषद प्रत्याशी रेखा देवी के पति संजय यादव, मुखिया हरेंद्र गोप, उमेश गोप एवं अनेकों ग्रामीण अंतिम यात्रा में शामिल हुए।




अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016, 9550809864, 9431129570

## विहिप ने बांग्लादेश प्रधानमंत्री शेख हसीना का किया पुतला दहन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



पुतला दहन करते विहिप कार्यकर्ता

विश्व हिंदू परिषद के अगुवाई में बुधवार शाम को 4 बजे बरही चौक पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का पुतला दहन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार हिंदुओ का मंदिर तोड़ा जा रहा है। हिंदुओ की हत्या किया जा रहा है। यह एक निंदनीय घटना है। साथ ही सभी विहिप के सदस्यों ने शेख हसीना मुर्दाबाद के नारे लगाए। सभी ने हिंदुओं की हिंसा रोकने की मांगने की। मौके पर बजरंग दल के संयोजक नितेश कुमार, अर्जुन साहू, गुरुदेव गुप्ता, नंदकिशोर साहू, चंद्र मोहन मिश्र, अरुण कुमार चौधरी, इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता, पंकज केशरी, प्रभु राणा, राहुल गुप्ता, मनोज कुमार, मनोज सिंह, प्रदीप कुशवाहा, सागर चंद्रवंशी, श्याम कुमार चंद्रवंशी, राजेन्द्र साहू, निर्मल केशरी, मनोज यादव, प्रभु रजक, जय प्रकाश प्रजापति, दशरथ यादव, भानु प्रताप, मनीष कुमार, राहुल कुमार, रंजीत कुमार, दीपक कुमार, दिनेश साहू, संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आरक्षण की मांग के समर्थन को लेकर विधायक अम्बा प्रसाद पहुंची चौपारण

## 2 नवम्बर को हज़ारीबाग़ में आयोजित महाजुटान कार्यक्रम को सफल बनाने का किया आग्रह

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



अंबा प्रसाद का स्वागत करते कांग्रेसी

झारखंण्ड के ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण मिले इसकी मांग को लेकर बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद मुखर नजर आ रही है। इसे लेकर आगामी 2 नवम्बर को हज़ारीबाग़ के जिला स्कूल के मैदान में ओबीसी वर्ग का महाजुटान होगा। इसे सफल बनाने के लिए विधायक अम्बा प्रसाद ने बुधवार को चौपारण का दौरा कर अपने हक और अधिकार के लिए लोगों से महाजुटान कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में हज़ारीबाग़ में पहुंचे। वहीं चौपारण पहुंचने पर जिला परिषद भाग 2 के संभावित उम्मीदवार महेंद्र साहू के नेतृत्व में क्षेत्र भ्रमण के दौरान महूदी चौक पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक अम्बा ने कहा कि झारखंण्ड में ओबीसी की आबादी 60 प्रतिशत से अधिक है लेकिन फिर भी आज तक राजनीतिक पार्टियों द्वारा ओबीसी समाज के 54 जातियो को छलने का कार्य किया है। पर अब वह समय आ गया है कि हमें अपने अधिकारों को लड़ कर लेना पड़ेगा। इसलिए 2 तारीख को हज़ारीबाग़ के महाजुटान कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावें। वहीं उसके बाद विधायक अम्बा विधायक आवास चौपारण पहुंची जहां विधायक पुत्र रवि अकेला द्वारा स्वागत किया गया।

## झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ के बैनर तले इंगुनिया एवं पड़रिया में ग्राम कमेटी का गठन

### इंगुनिया के ग्राम अध्यक्ष संजय प्रजापति व अरूण प्रजापति बने पड़रिया के अध्यक्ष

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



नवचयनित कमीटी की महिलाएँ



नव गठित ग्राम कमेटी

झारखण्ड प्रजापति ,(कुम्हार) महासंघ के बैनर तले चौपरण प्रखंड के ग्राम इन्गुनियाँ और पडरिया मे ग्राम कमेटी का गठन को लेकर प्रजापति समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता रामसुंदर प्रजापति एवं संचालन रामाव. तार प्रजापति ने किया। बतौर पर्यवेक्षक बरही प्रखंड के प्रजापति सामाज के अध्यक्ष सन्तोष प्रजा. पति,कोषाध्यक्ष प्रितम प्रजापति तथा चौपरण प्रखंड के कांग्रेस ओबीसी के प्रखंड अध्यक्ष रामसुंदर प्रजापति,पारा शिक्षक के प्रखंड अध्यक्ष रामवतार प्रजापति मौजूद रहे। इगुनियाँ ग्राम के लिए ग्राम समिति के अध्यक्ष संजय प्रजापति, सचिव ठकूरी प्रजा. पति, कोषाध्यक्ष अभिषेक प्रजापति , संरक्षक रामचंद्र प्रजापति को बनाया गया। वही महिला मोर्चा की अध्यक्षा सुदामा देवी पति निरंजन प्रजापति,सचिव रुपा देवी पति ठकूरी प्रजापति को चुना गया। पडरिया ग्राम के ग्राम समिति के अध्यक्ष अरुण प्रजापति, सचिव उपेन्द्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष सुधीर प्रजापति, संरक्षक महावीर प्रजापति वही महिला मोर्चा से अध्यक्षा मीना देवी पति सुरेश प्रजापति, सचिव ललिता देवी पति अरुण प्रजापति का चयन हुआ। इस अवसर पर रामसुंदर प्रजापति ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मनुष्य समाज के बिना अधूरा होता है। समाज से हमे बहुत कुछ सिखने को मिलता है। समाज से अलग रहने वाला व्यक्ति नास्तिक होता है । वही रामवतार प्रजापति ने कहा कि समाज और मनुष्य एक दुसरे के पूरक होते हैं । हमसबो को अपने समाज में छिपी बुराईयों को हटाना होगा। मौके पर रामसुंदर प्रजापति,रामवतार प्रजापति, किशोर प्रजापति,बिजय प्रजापति, बलेश्वर प्रजापति, बाबुलाल प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, ललित प्रजापति, उतम प्रजा. पति, गिरधारी प्रजापति, संजय प्रजा. पति, बिरेन्द्र प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

### आज का पंचाड्ग----

**आज का अंग्रेजी दिनांकः--21.10.2021**
**शुभसंवत् :---2078(आनंद)**
**शकेः---1943**
**याम्यायन याम्यगोलरू**
**ऋतुः---शरद**
**माहः---कार्तिक**
**पक्षः-कृष्ण पक्ष**
**तिथिः---प्रतिपदा तिथि**
**दिनः---गुरुवार**
**नक्षत्रः---अश्वनी नक्षत्र दिन 04:18 मिनट तक उपरांत भरणी नक्षत्र**
**योगः--वज्र**
**करणः--वा**
**सूर्योदयः---प्रातः 06:20**
**सूर्यास्त : संध्या 05:40**
**सूर्य :--तुला राशि में**
**चंद्रमा :--मेष राशि में**
**आज का राहूकाल दिनः---01:30 बजे से दिनः--03:00 बजे तक**
**अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक**
**आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---**
**आज से कार्तिक माह प्रारम्भ हो रहा सो शास्त्र अनुसार कार्तिक माह में दाल खाने की मनाही है वहीं पूरे कार्तिक माह दिप दान वी विधा है**



आलेखः---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

APEM LIVE

## बरही चौक पर कांग्रेसियों ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



बडकागॉव विधायक़ का स्वागत करते कांग्रेसी

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हजारीबाग जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह का बरही चौक पर बरही कांग्रेस पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार स्वागत किया। ज्ञात हो कि झारखंड में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण तथा मूल अधिकार दिलाने के उधेश्य से जिला भ्रमण के दौरान सभी प्रखंडों का दौरा किया जा रहा है। अम्बा प्रसाद ने कहा कि आबादी के आधार पर 27 प्रतिशत आरक्षण मिलनी चाहिए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, दीपक गुप्ता, सुनील साहू, अमित जायसवाल, यमुना यादव आदि उपस्थित रहे।

## तापीन साउथ कोल परियोजना में मजदूरों का न्याय सभा

**अपेम लाइव : चरही**
**अरविन्द टुडु**



सभा को संबोधित करते अतिथी



न्याय सभा मे शामिल मजदुर

तापीन साउथ कोल परियोजना में बुधवार को मजदूर न्याय सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता मोहन महतो और संचालन चुरचू उप प्रमुख चोलेष्वर महतो ने किया। मुख्य अतिथि सीसीएल से प्रभावित और विषिष्ट अतिथि विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो मौजूद हुए, जनसभा के पूर्व चरही घाटी से सीसीएल और झामुमो नेता फागू बेसरा, जहानबादी प्रवासी कुमार महेष सिंह के खिलाफ मोटरसाईकिल रैली निकाली गई, जो सीसीएल जीएम कार्यालय के बाद तापीन साउथ परियोजना स्थल में जनसभा में तब्दील हुई। इसके साथ ही कई संख्या में महिला शक्ति का जुटान हुआ। कतारबद्ध तरीके से अपने हक और अधिकार के लिए तापीन साउथ परियोजना में जमकर नारेबाजी किया। मौके पर शक्ति देवी, विधायक प्रति. निधि वीना मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि आहिफ अंसारी, सुखराम टुडू, रोषनी तिर्की सहित दर्जनों महिला व पुरूष मजदूरों ने संबोधित किया। अपने साथ काई मजदूर ने कढ़ाई, बेलचा और कोड़ी कुदाल लेकर सभास्थल पहुंचे मजदूर न्याय सभा में फुसरी, बहेरा, चरही, चनारो, कजरी, जरबा, हेंदेगढ़ा, सड़वाहा गांव के महिला कढ़ाई, बेलचा और कोड़ी कुदाल लेकर जनसभा में शामिल हुए।

## बरकट्ठा स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**मानव राज सिंह**



अंचल कार्यालय मे बात करते केदार साव

सांसद सह जिला परिषद प्रतिनिधि केदार साव ने बरकट्ठा स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण मे स्वास्थ्य केंद्र में आम जनता से कुछ स्टाफ के द्वारा पैसे मांगने शिकायतें मिली, जिसे प्रभारी डाक्टर रजनीकांत तथा ओपीडी में बैठे डॉक्टर रत्ना से मिलकर स्वास्थ्य केंद्र में सभी गड़बड़ियां को ठीक करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी डॉक्टर अपना अपना योगदान समय के अनुसार दें। सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध रहें,ताकि बाहर से दवाईयां ना मंगाना पड़े। सभी स्टाफ से कहा कि आप सभी को सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कोरोना काल में आप सभी बेहतर काम किया है,आप अपनी सेवा के कीमत वसूलने का काम ना करें।




अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश के हजारीबाग आगमन पर स्वागत की तैयारियों को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

# पूर्व विधायक मनोज यादव भी हुए शामिल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

भाजपा कार्यालय अटल भवन हज़ारीबाग़ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आहूत बैठक में पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। इस दौरान बताया गया कि आने वाली 25 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश का हज़ारीबाग़ आना सुनिश्चित हुआ है। बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य माननीय प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत व अभिनंदन हेतु तैयारियां आदि को लेकर आयोजित की गई। आहूत बैठक में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय,भा. जपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव सहित हज़ारीबाग जिला भाजपा के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



**तैयारी को लेकर चर्चा करते भाजपा कार्यकर्ता**

# सड़क हादसे में दो पीड़ित परिवारों को विधायक ने मुआवजा दिलवाया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजीत कुमार**

एनएच 2 सिक्सलेन निर्माण कार्य कर रही रिलायंस इंफ्रा की सहयोगी एजेंसी राजकेशरी कंस्ट्रक्शन द्वारा पीड़ित परिवार को विधायक अमित कुमार यादव की पहल पर दो-दो लाख रुपए मुवावजा राशि दिया ज्ञात हो गोरहर जीटी रोड पर मंगलवार देर शाम ट्रक की चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी थी। इसमें ग्राम कपका निवासी मितेश कुमार ठाकुर (18 वर्ष, पिता चमन ठाकुर) एवं मो सरफराज (18 वर्ष, पिता शकूर अंसारी) शामिल है। आज दोनों पीड़ित परिवारों के परि. जनों ने कम्पनी के मुख्य गेट को लगभग 2 घण्टे जाम कर दिया विधायक अमित कुमार यादव की पहल पर कार्य एजेंसी राजकेशरी कंस्ट्रक्शन ने दो-दो लाख रुपए मुवावजा राशि दिलवाने का काम किया। साथ ही एनएचटू सड़क कार्य एजेंसी राजकेशरी कंस्ट्रक्शन कंपनी को कार्य के दौरान जरूरी एहतियातन सुरक्षा कदम और सुरक्षा प्रबंध करने का निर्देश दिया जिससे किसी अप्रिय हादसे से बचाव हो सके।



**पीडीत परिवार से मिलते बिधायक अमित यादव**

# शरद पूर्णिमा के अवसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरही की ओर से प्रसाद वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखण्ड परिसर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरही की ओर से शरद पूर्णिमा के अवसर पर खीर बनाकर भगवान को भोग अर्पित करके प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शिव मंदिर में खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बरही के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव भी शामिल हुए तथा प्रसाद ग्रहण किया । मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, किशुन यादव, विहिप के प्रखण्ड अध्यक्ष नन्दकिशोर कुमार, अरुण चौधरी, अशोक यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।



**प्रसाद वितरण समारोह मे शामिल लोग**

## पूर्व विधायक ने जोंगी में किया डिफेंस अकेडमी का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा क्षेत्र अंतर्गत जोंगी में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने में डिफेंस अकेडमी का किया शुभारम्भ। संचालक मुकेश कुमार रजक ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर चंदवारा प्रमुख लीलावती देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष महेंद्र यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, भोंडो मुखिया मुखिया लालदेव साव, पूर्व मुखिया कोयल देवी युवा समाजसेवी राजेश यादव, भाजपा युवा नेता कृष्णा यादव उपस्थित थे।



**डिफेंस अकेडमी का उद्घाटन करते पुर्व विधायक**

## मार्खम कॉलेज में क्लीन इंडिया कार्यक्रम का आयोजन

# कॉलेज परिसर को सुंदरीकरण का बीड़ा उठाना स्वयंसेवकों के लिए है काबिले तारीफ : डॉ बिमल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

20 अक्टूबर : भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की महात्मा गांधी नेशनल काउंसिल ऑफ रूरल एजुकेशन की प्रायोजित क्लीन इंडिया कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मार्खम क०लेज के एनएसएस इकाई एक के तत्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर की सफाई के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त परिसर एवं कॉलेज सुंदरीकरण का कार्य किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की हौसला अफजाई करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिमल कुमार मिश्र ने कहा कि कॉलेज परिसर को सुंदरीकरण का बीड़ा उठाना स्वयंसेवकों के लिए काबिले तारीफ है। इन युवाओं में देश सेवा की उर्जा समाहित है, जिसका वे सदुपयोग करते हैं। देश स्वच्छ होगा तो निश्चित ही विकसित होगा, क्योंकि स्वच्छता ही विकसित देशों की पहचान है। इस क्लीन इंडिया एवं प्लास्टिक मुक्त कॉलेज परिसर कार्यक्रम में प्रोग्राम ऑफिसर बीएन सिंह समेत मुख्य रूप से प्रगति प्रेरणा, काजल कुमारी, फूलन कुमारी, सविता कुमारी, राजेंद्र यादव, अविनाश कुमार पांडेय, विष्णु कुमार, दानिश कुमार महथा, लालकिशोर प्रसाद ,अर. विंद कुमार समेत कई स्वयंसेवकगण उपस्थित थे।.




**सफाई अभियान चलाते स्वयंसेवक**





## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



निवेदिका :- कैशर प्रवीण

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## चौपारण जिला परिषद भाग 2 के योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबों का मसीहा, भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह । जानिए इनके बारें में.



मनोज कुमार सिंह, जिप प्रत्यशी, चौपारण भाग 2

### पारिवारिक पृष्ठभूमि

नामः मनोज कुमार सिंह
पिताः स्व रामलखन सिंह
निवास स्थानः कुतलू
पंचायतः जगदीशपुर
जिला परिषद क्षेत्रः चौपारण भाग 2
पेशाः व्यवसाय एवं समाजसेवा

### राजनीतिक व समाजिक पृष्ठभूमि

राजनीतिक

1. भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,
2. भाजपा झारखंड सेल अध्यक्ष, मुंबई,

सामाजिक

1. झारखंडवासी महाराष्ट्र युवा मंच कोर कमेटी अध्यक्ष

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1.चौपारण के प्रवासी मजदूरों के लिए चौपारण क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्थ करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. चौपारण में स्नातक स्तर का कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना ।
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं चौपारण में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना ।
9. किसानों के खेतो तक सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था करना ।
10.कुंभकार भाईयों सहित सभी तमरह के कारीगरों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कर स्वरोजगार से जोडना ।

## चौपारण भाग 2 के भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की कुछ झलकियां, जनता का समर्थन, अर्शीवाद से बदलेगा चौपारण की तस्वीर ..




बच्चो एवं महिलाओं के बीच छतरी का वितरण करते मनोज कु सिंह



प्रवासी मजदूर का शव का भिजवाते मनोज कुमार सिंह



बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करते मनोज कुमार सिंह



खिलाडियों को सम्मानित करते मनोज कुमार सिंह



ईद मिलादून्नबी की मुबारक बाद देते मनोज कुमार सिंह



ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते मनोज कुमार सिंह



महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



सहयोगियों के साथ स्वरोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



युवाओं के साथ रोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



अपनी विचार व्यक्त करते मनोज कुमार सिंह



ट्रॉफी देते मनोज कुमार सिंह



कृषि चौपाल लगाते मनोज कुमार सिंह

निवेदकः प्रमोद सिंह, समाजसेवी, चौपारण जिला परिषद भाग 2

दिनांकः 20-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 06

## चुरचू में धूमधाम के साथ मनाया गया ईद मिलाद उल नबी का त्यौहार

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग

चुरचू प्रखण्ड के सभी आठो पंचायत में मोहम्मद पैगम्बर साहब के जन्मदिन के अवसर पर बहेरा, चनारो इंद्रा जरबा हेंदेगढ़ा चरही बहेरा व चुरचू पंचायत के विभिन्न इलाके में हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ ईद मिलाद उल नबी का जुलूस व झांकी निकाला गया। कोरोना गाइड़ लाइन के निगमों को पालन करते हुए इस वर्ष सादगी व शांती पूर्वक के साथ मनाया गया। इस बार लोग अपने घरों में ही नियाज फातीहा किया व अपने गांव टोला मुहल्ला में ही जुलूस निकालकर मनाने का काम किया। वही आदर्श ग्राम पंचायत जरबा में भी ईद मिलाद उल नबी का जुलूस निकाला गया। पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर जरबा मदरसा में बच्चों के बीच एक इस्लामिक क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें बहुत सारे बच्चों भाग लिया तो वही बच्चों के बीच में पुरस्कार का वितरण किया गया। साथ ही लोगों ने मिलकर देश की तरक्की, अमन एवं शांति की दुआ मांगी । वही तसनालो गांव में भी कार्यक्रम का आहूत किया गया तो तसनालो गांव मदरसा से होते हुए पूरा गांव भरमन किया गया। इस अवसर पर आरटीआई कार्यकर्ता शमशेर आलम , रुस्तम खान, शायान अनिश, इम्तियाज अंसारी, मुस्ताक आलम, कुदुस अंसारी, राजा खान, इमरान अंसारी, मुजाहिद अंसारी, असगर अली, तैयब अंसारी , तस्लीम अंसारी, अयूब खान, महताब आलम , मुबारक अंसारी, अजहर हुसैन, अल्ताफ हुसैन , विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, इसराफिल अंसारी, मौलाना कारी साहब, सलामत अंसारी, बेलाल अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, मोबिन अंसारी, रिजवान अंसारी, मौलाना मनव्वर साहब, हासिम अंसारी, मो. हम्मद खुसरू, नजीर अंसारी, तजमुल अहमद, आमीन अंसारी, कयूम अंसारी, महफूज उर्फ़ इमरान खान ,सरफराज खान, परवेज खान, न०षाद खान ,मुख्तार खान, आरिफ खान, आजाद खान, शमीम अंसारी, क्यूम अंसारी, अख्तर अंसारी, मुख्तार अंसारी, शफीक अंसारी सहित कई लोग शामिल थें।

## ई श्रम कार्ड बनाने को लेकर जगह – जगह लगाए गए शिविर

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



शिविर में शामिल श्रमिक

चुरचू प्रखण्ड अंतर्गत भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ हजारीबाग जिला सचिव बिरेन्द्र व चुरचू प्रखण्ड के सभी सदस्यों उर्मिला एक्का, महेश पासवान, गिरिजा देवी, लालजी महतो एवं संघ के सभी सदस्यों के सहयोग से और भारतीय मजदूर संघ से जिला मंत्री शंकर सिंह, नाविन सिन्हा, खुलेश्वर सिंह भोक्ता और संघ के सभी सदस्यों के सहयोग से पुरे चुरचू प्रखण्ड के तमाम श्रमिकों को ई श्रम कार्ड निरु शुल्क बनाने के लिए जगह जगह पर कैंप लगाकर मजदूर जागरुकता अभियान चलाया गया साथ ही नि. बंधन किया गया जा रहा है। भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ हजारीबाग द्वारा यह शुभ कार्य किया जा रहा है।

## डांस कॉम्पिटिशन में तृतीय स्थान पर रही रिद्धि सिद्धि का विद्यालय ने लिया निशुल्क नामांकन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बच्चों का नामांकन लेते संदीप कुशवाहा

बड़कागांव प्रखंड के डेली मार्केट स्थित अश्वनी दुर्गा पूजा समिति के द्वारा महा. शिवरात्रि पर्व में बच्चों के लिए डांस कंपटीशन करवाया गया था। जिसमें सिंगल, डबल व ग्रुप डांस था। कंपटीशन से पूर्व में ही बीएम मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा ने घोषणा किया था कि तीनों इवेंट में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को फ्री में एडमिशन साथ ही साथ 10जी क्लास तक फ्री में पढ़ाई कराया जाएगा। इसी को लेकर डबल डांस में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दोनों बहन रिद्धि कुमारी एवं सिद्धि कुमारी पिता अजय कुमार सोनी, माता सुषमा देवी का नामांकन बीएम मेमोरियल स्कूल में अश्वनी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा के उपस्थिति में नामांकन लिया गया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि बीएम मे. मोरियल स्कूल परिवार बड़कागांव क्षेत्र में शिक्षा के प्रति काफी सराहनीय कार्य कर रहा है। हमेशा बड़कागांव के बच्चों को विद्यालय परिवार प्रोत्साहित करने का काम करता है। वहीं विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि बीएम मेमोरियल स्कूल का एक ही उद्देश्य है कि बड़कागांव के सभी गरीब असहाय बच्चों को बेहतर शिक्षा देना। आगे उन्होंने बताया कि सभी प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले बच्चों को कक्षा 10 तक की सीबीएसई की पढ़ाई बिल्कुल मुफ्त कराएंगे। अभी और भी साथ बच्चों का नामांकन लिया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य रंजीत कुमार,उप प्राचार्य पूनम कुमारी,कैलाश कुमार,विकाश कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित थे।

## पंचायत चुनाव में बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी, पंसस के 10 में से 6 सीट से चुनकर आयेंगी नारी शक्ति

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार यादव**




आधुनिक भारतीय राजनीति में कई ऐसी महिलाएं रही हैं, जिनकी भूमिका से हम भलीभांति परिचित हैं। स्वतंत्रता के आंदोलनों के दौरान से लेकर आज़ाद भारत में सरकार चलाने तक में महिलाओं की राजनीतिक भूमिका और पहल अहम रही है। इस बार टाटीझरिया प्रखंड में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढने वाली है। टाटीझरिया प्रखंड के 8 पंचायत में से कुल 10 पंचायत समिति सदस्यों में 6 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। इसमें भराजो पंचायत को अनुसूचित जाति महिला, डहरभंगा पंचायत को अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, डुमर पूर्वी भाग को अनारक्षित महिला, टाटीझरिया पूर्वी और पश्चिमी दोनों भागों को अनारक्षित महिला एवं बेडम पंचायत को अनुसूचित जनजाति महिला सीट बनाया गया है।

**फिर से महिला होगी प्रखंड प्रमुख की दावेदार या होगा कोई पुरुष चेहरा**

टाटीझरिया प्रखंड में प्रमुख पद को इसबार अनारक्षित अन्य किया गया है। प्रखंड में 10 में से 6 चुनकर आनेवाली पंचायत समिति सदस्य महिला होगी। अब देखना यह होगा कि इस पद पर महिला का कब्जा होगा या शेष चार सीट जिसमें खैरा पंचायत को अनुस. ूचित जाति अन्य, झरपो पंचायत को अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, धरमपुर पंचायत को अनारक्षित अन्य, डुमर पश्चिमी भाग को अनारक्षित अन्य से जीतकर आनेवाले जनप्रतिनिधियों का धाक होगा। इससे पहले इस पद पर डहरभंगा निवासी ईश्वरचंद्र यादव आसीन रहे हैं। वर्तमान में टाटीझरिया की शकुंतला देवी प्रमुख पद की शोभा बढ़ा रही है। पंचायत समिति सदस्य चुनाव जीतने के बाद प्रमुख और उपप्रमुख पद के लिए दांवपेंच शुरू हो जाता है। पंसस से चुनकर आनेवाले जनप्रतिनिधि प्रमुख और उपप्रमुख का निर्वाचन करते हैं। प्रखंड की एक अहम पद होने के कारण इसे पाने के लिए जनप्रतिनिधि एडी चोटी का जोर लगाते हैं।

## टुल्लू पम्प चोरी करते दो धराए, भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार यादव**



टाटीझरिया थानांतर्गत दूधमनिया गांव में मंगलवार की रात चोरी करते दो युवक पकड़े गए। पकड़े गए युवक 25 वर्षीय अजय कुमार राम फतहा कटकमदाग निवासी और 30 वर्षीय विकास कुमार कवालू दारू निवासी को टाटीझरिया पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जब लोग रात को सो रहे थे तब दोनो युवक गांव के जयजीत सिंह के कुआं में लगे दो टुलू पम्प को काट कर निकाल रहे थे। इसी क्रम में दूधमनिया के युवकों ने उन्हें धर दबोचा।

## कल लगेगा कोवैक्सीन का टीका

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार यादव**



टाटीझरिया प्रखंड के स्वास्थ्य उपकेंद्र डहरभंगा में गुरूवार को 18 प्लस और 45 प्लस के 100 लोगों को कोवैक्सीन का पहला और दूसरा टीका लगाया जाना है। समय प्रातः 11 बजे से वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। कोवैक्सीन नहीं मिलने से लोग परेशान थे, खासकर जिन्होंने कोवै. क्सीन का पहला डोज लगाया था।

## धार्मिक अनुष्ठान के साथ मां सरस्वती मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



धार्मिक अनुष्ठान करते श्रद्धालु

विष्णुगढ़ प्रखंड़ के अलपीटो पंचायत के हेठली बोदरा गांव में बुधवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ मां सरस्वती मंदिर जीर्णोद्धार की शुरुआत हुई। धार्मिक अनुष्ठान पंडित केदार पाठक के द्वारा संपन्न कराया गया। मौके पर पूजारी के रूप में मिथि. थलेश पाठक, मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाठक, सचिव गजेन्द्र पाठक, महासचिव घनश्याम पाठक, बालम. ुकुंद पंडित, उमेश यादव, नीलेश पाठक, बबलू पाठक, रवींद्र पाठक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। बता दें कि हेठली बोदरा गांव में श्री सरस्वती मां की एक प्राचीन मंदिर है। मंदिर की स्थिति दिनों- दिन जर्जर रूप लेता जा रहा था। इसे देखते हुए उक्त मंदिर के स्थान पर नए सिरे से मां सरस्वती की मंदिर बनाने का निर्णय ग्रामीणों ने लिया है।

**आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं।**
**संपर्क–9431129570**

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## अंबेडकर युवा क्लब सिन्दवारी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


मौके पर उपस्थित अतिथि गण

सिंदवारी के मेला टांड़ में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि डाडी कला सहायक थाना के थाना प्रभारी मणिलाल एव समाजसेवी पंकज साहू ,मुखिया प्रतिनिधि अनुज कुमार राम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर राम, समाजसेवी प्रमोद कुमार दास ने गेंद को कीक लगाकर मैच का शुभारंभ किया। सिन्दवारी अे चुरचू का मुकाबला खेला गया जिसमें पेलेंटी में सिन्दवारी चार गोल से विजय प्राप्त किया। मुख्य रूप से उपस्थित कार्यकर्ता कमेटी अंबेडकर युवा कमेटी के अध्यक्ष राहुल कुमार दास, सचिव रुपेश कुमार दास, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार दास, सचिव अजय कुमार दास, मोहन दास, चंदन , ललन, रंजीत कुमार दास, आदि खेल प्रेमी मौजूद थे।

## ईद मिलादुन्नबी के शुभ अवसर पर बच्चों के सवाल जवाब प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


प्रतियोगिता मेंशामिल बच्चे

ईद मिलादुन्नबी के शुभ अवसर पर मदरसा अहले सुन्नत बड़कागांव चट्टी में कमेटी के सेक्रेटरी मोहम्मद अख्तर हुसैन व सरफुद्दीन के सदारत में नात शरीफ, तकरीर व सवाल और जवाब प्रतियोगिता का आयोजन। जिसमें चट्टी मदरसा के बच्चों ने सवाल जवाब प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आगाज़ मौलाना मरगूब सुभानी के द्वारा कुराने पाक की तिलावत से किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को मोहम्मद अकबर व मोहम्मद मोबीन के द्वारा कॉपी कलम और किताब देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों बच्चों में मो. हम्मद जीशान, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद इश्तियाक, एरा परवीन, खुशी परवीन, तानिया परवीन, शाजिया परवीन, सना परवीन, यासमीन परवीन, रोशनी परवीन, कुदरत सबा, निखत परवीन, सानिया परवीन, मोहम्मद समीर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिद्दीक, मोहम्मद सिपत्ताइन, मोहम्मद चांद शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के सदर मोहम्मद साबिर, मो. हम्मद यूसुफ, मोहम्मद मेराज, मोहम्मद सफी उल्लाह, मोहम्मद तबारक, मोहम्मद मनव्वर, प्रोफ़ेसर रमजान अली, मोहम्मद अली जान, मोहम्मद निजाम, मोहम्मद कौसर, मोहम्मद तसलीम, मोहम्मद शहादत, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद अफरोज, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद काजिम, दिलकश रजा सहित कई लोग शामिल थे।

## बजरंग दल ने जलाया बांग्लादेशी आतंकवाद का पुतला

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



विरोध प्रदर्शन करते विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता

विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय से सातमील मोड तक पैदल मार्च कर विहिप बजरंग दल प्रखण्ड कमेटी ने विरोध प्रदर्शन कर बांग्लादेशी आतंकवाद का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विष्णुगढ़ प्रखंड संयोजक वैभव प्रकाश राणा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सह संयोजक वरूण कुमार मौजूद थे। उन्होंने कहा की बांग्लादेश में पिछले कई दिनों से लगातार अल्पसंख्यक हिंदू समाज पर हमले हो रहे हैं। जिसमें अनेक हिंदुओं की हत्या हुईं हैं और अनेक माताओं- बहनों के साथ दुराचार हुआ है। मां दुर्गा पूजा के मंडपों को और स्थाई रूप से बने अनेक मंदिरों को तोड़ा गया है। इन आक्रमणों के विरोध में विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। भारत सरकार से भी आग्रह किया कि भारत में जल्द नेशनल रजिस्टर अ०फ सिटिजन बिल पास करे और पड़ोसी देश में रह रहे अल्पसंख्यक सिख हिंदू भारत मे शरण ले सके। कार्यक्रम में प्रखण्ड विहिप मंत्री सिकन्दर साव, सह संयोजक विक्की वर्मा, गौरक्षा प्रमुख प्रकाशमहतो, बिद्यार्थी प्रमुख बबलु गुप्ता, मिलन केंद्र प्रमुख पंकज लाहकार, सुरेश कुमार, रणवीर वर्णवाल, प्रकाश कुमार, जितेन्द्र राय, रामेश्वर सिंह, सुरेन्द्र महतो, विकाश कुमार सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चंदवारा में 40 सालों से हौम्योपैथ से हजारो मरीजो का इलाज कर चुके हैं डॉ सुभाषचंद्र वर्णवाल, निःसंतान दंपति के लिए कारगर

**अपेम लाइव : चंदवारां**


डॉ सुभाषचंद्र वर्णवाल

महर्षि डॉ हैनिमैन की अदभुत खोज का परिणाम है की करोड़ों मरीज हॉम्योपैथ दवा से बीमारियों से छुटकारा पा रहे है। वही लाखों चिकित्सक अपनी जीविका चला रहे है। समाज में मान सम्मान के साथ जीवन ब्यतीत कर रहे है। ऐसे ही एक हौम्योपैथ चिकित्सक हैं डॉ सुभाष चंद्र वर्णवाल। जो चंदवारा में विगत 40-45 सालो से होम्योपैथिक द्वारा इलाज कर रहे हैं और काफी लोगों को इससे लाभ मिला है। आइए जानते हैं इनके द्वारा कुछ विशेष लोगो की इलाज की कहानी डॉ सुभाष चंद्र वर्णवाल की कहानी

1.एक व्यक्ति 50-55 वर्ष से भींगा एक्जिमा से परेशान था। कई डॉक्टरों को दिखाया लेकिन फायदा नहीं हुआ। किसी ने मेरे पास भेजा, मैं डॉक्टर एम एल सहगल पद्धति से दवा निकालकर दिया और आज भला चंगा है।

2.तेलकुरी की दिलीप राणा की पत्नी बच्चा के लिए परेशान थी। मैंने उसे दवा दिया और एक महीना के दवा सेवन के बाद मासिक नहीं हुआ,और पुत्र की प्राप्ति हुई।

3. आरा की एक महिला इलाज कराने के लिए आई थी। मैं उसे दवा दिया। एक महीना के लिए दवा दिया था। मासिक रुक गया और पुत्र की प्राप्ति हुई।

4.बंगलौर से एक महिला आई थी, फैलोपियन ट्यूब जाम था। मुंबई, बंगलौर एवं धनबाद में इलाज कराई लेकिन फायदा नहीं हुआ। उनका परिजन इलाज कराने के लिए मेरे पास आए। मैं बातचीत करने के बाद 2 माह के लिए दवा दिया । क्योंकि वह बेंगलुरु से आए थे। दवा समाप्त हुआ और मासिक रुक गया और पुत्री की प्राप्ति हुई है।

संपर्क सूत्र
8578909628...
7909041865

## बड़कागांव काली पूजा समिति का गठन अध्यक्ष राजीव रंजन, सचिव अजीत कुमार रवि व कोषाध्यक्ष सुकेश कुमार बनें

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल लोग

काली मंदिर के प्रांगण में काली पूजा समिति के गठन को लेकर बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं संचालन कांग्रेस नेता रामसेवक सोनी ने किया। बैठक में सर्वप्रथम पिछले वर्ष की गई पूजा का लेखा-जोखा नवज्योति क्लब के नेतृत्व में बने अध्यक्ष अनु विश्वकर्मा के द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा इस वर्ष पूजा समारोह का नेतृत्व अंबेडकर युवा क्लब को आमंत्रित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन को अध्यक्ष चुना गया तथा सचिव अजीत कुमार रवि एवं कोषाध्यक्ष सुकेश कुमार को चुना गया। कमेटी को विस्तार करते हुए संरक्षक के रूप में रामेश्वर राम महेश राम उपाध्यक्ष सूरज कुमार राम ,जोगन राम नागेंद्र कुमार अकाश कुमार राजू कुमार , उपसचिव शंभू रविदास, संयोजक देवनारायण राम, रंजन राज, संतोष राम, पूजा प्रभारी रामवृक्ष राम, संजय निगम एवं तीजन राम, मनोरंजन मंत्री राजू कुमार, रवि कुमार, चंदन कुमार रवि मीडिया प्रभारी दीपक सिन्हा, संजय सागर, संगठन मंत्री सरयू राम, सुरेंद्र राम, सचेतक धर्मेंद्र राम, राजेश कुमार दास, ईश्वर कुमार को चुना गया मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां काली की पूजा को. विड-19 के गाइडलाइन के तहत धूमधाम से मनाया जाए तथा जितने भी पदाधिकारी चुनकर आए हैं वें ईमानदारी व लगन पूर्वक पूजा कार्य को संपन्न करें। कार्यकारिणी सदस्य में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, रामसेवक सोनी, रामपति राम ,महेंद्र प्रसाद कुशवाहा ,मनोज गुप्ता, पूर्व मुखिया विशुन रजक, मनोज ठाकुर, शशि कुमार मेहता, बृजेश वर्मा, शंभू चौरसिया ,जयप्रकाश राम, घनश्याम जायसवाल, यदुनंदन मिश्रा, शंकर मिश्रा ,संजय तिवारी, सत्येंद्र कुमार सिंह ,रीतलाल महतो, बैजनाथ महतो, कृष्ण कुमार रविदास, रामचंद्र कुमार राणा रामचंद्र राम चेतलाल राम विनोद राम ,रघुनाथ राम, अविनाश कुमार, निरंजन राम ,महेश्वरी राम, रवि कुमार, संदीप कुशवाहा, यशवंत राय, लखन विश्वकर्मा ,दिलीप महतो, अनु विश्वकर्मा, कालेश्वर साव, द्वारिका राणा, पवन तुरी ,शशी तुरी, चंद्र राम, छून्नू राम, खिरोधर राम, रोशन कुमार मेहरा ,योगेश्वर राम ,शिवनाथ राम, यमुना राम, अरुण कुमार ,श्रीकांत राम, विनय कुमार ,बजरंग राम, रंजीत आरजू ,गणेश राम ,सुजीत कुमार राम, नंद किशोर भुईयाँ, संजय भुईयाँ एवं बड़कागांव के बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग बैठक में उपस्थित हुए।





